# न्यायालय, सहायक कलक्टर एंव पदेन उपखण्ड अधिकारी
## मुकाम श्रीकरणपर, जिला श्री गंगानगर

पीठासीन अधिकारी : श्री श्योराम {आर.ए.एस.}

प्रकरण संख्याः 243/2025(जी.सी.एम.एस. 2025/347)

| वादी | बनाम | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. टाएनजम सनयाईमा पुत्र टाएनजम गोकूलचन्द सिंह जाति राजपूत निवासी सैक्टर नम्बर 17 श्रीगंगानगर, जिला श्रीगंगानगर। | | 1. एमरोस गिरधर पुत्र अमरजीत गिरधर जाति अरोडा निवासी मुक्तसर पंजाब।<br>2. राजस्थान राज्य जरिए तहसील राजस्व, श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर। |

वाद पत्र अन्तर्गत धारा 53, 88, 91 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

उपस्थितः1. श्री मनीष जागिंड अधिवक्ता वादी — तारीख रजू 21.07.2025

—निर्णय—

दिनांकः 08.10.2025

1. संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि वादी के द्वारा वादपत्र पेश कर निवेदन किया कि राजस्व ग्राम 13 ओ, पटवार हल्का 10 ओ तेजेवाला, भू.अ.नि. श्रीकरणपुर, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 128/111 के मुरब्बा नम्बर 45 की कुल 1.631 हैक्टेयर भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से सहखातेदारान के रूप में दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है। वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ने आपसी काश्त सहुलियत के अनुसार सहमति से घरू वाहमी बंटवारा किया हुआ है। घरू बंटवारानामा में वादी को चक 13 ओ के मुरब्बा नम्बर 45 के किला नम्बर 20 ता 24 प्रत्येक सालम-सालम, किला नम्बर 25 की 0.240 हैक्टेयर भूमि प्राप्त हुई है। घरू बंटवारानामा अनुसार वादी व प्रतिवादी संख्या 1 अपनी-अपनी भूमि पर शांतिपूर्वक काबिज काश्त है। वादीगण उक्त भूमि पर काफी वर्षो से निर्बाध रूप से, शांतिपूर्वक काबिज चला आ रहा है। वादी व प्रतिवादी संख्या 1 अपने-अपने रकबा पर काबिज अवश्य है। लेकिन कब्जा काश्त के अनुसार रकबा अंकित नहीं है। हालांकि वादी ने कब्जा काश्त की भूमि को काफी मेहनत से भूमि को समतल करके, उसमें कई सुविधाओ का निर्माण किया है। वादी का जीवन निर्वाह व उज्जवल भविष्य कृषि भूमि पर निर्भर है, लेकिन राजस्व अभिलेख में मुताबिक कब्जा काश्त के रकबा अंकित नहीं है। आज से 15 रोज पूर्व वादी ने प्रतिवादी संख्या 1 के समक्ष उपस्थित होकर, सहमति से राजस्व अंकन करवाने हेतु निवेदन किया, लेकिन उसके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नही दिया गया है। यही वाद कारण है। वादपत्र न्यायालय के क्षेत्राधिकार, श्रवणाधिकार व पूर्ण कोर्ट फीस पर पेश है। अतः वादपत्र पेश कर निवेदन है कि वाद पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 13 ओ, पटवार हल्का 10 ओ तेजेवाला, भू.अ.नि. श्रीकरणपुर, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 128/111 के मुरब्बा नम्बर 45 की कुल 1.631 हैक्टेयर भूमि में से वादी के नाम दर्ज भूमि का अलग से लगान व खाता कायम किए जाने के आदेश दिए जावे।
2. वाद पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादीगण को जरिए सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादी संख्या 1 के द्वारा बावजूद तामील उपस्थित नहीं आने पर इनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही के आदेश दिए गए। जवाब स्टेट पेश नहीं होने पर बन्द किया गया। प्रकरण में वादी अधिवक्ता के द्वारा निवेदन किया कि प्रकरण में मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड प्राथमिक डिक्री जारी कर तहसीलदार श्रीकरणपुर से विभाजन प्रस्ताव मंगवाया जाकर वाद पत्र डिक्री किये जाने के आदेश दिये जावे। इसलिए प्रकरण में वाद बिन्दू कायम नहीं किए गए।
3. पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रस्तुत वादपत्र मय शपथप एवं दस्तावेजात का गहनता से अध्ययन किया गया तथा बहस पर गौर कर मनन किया गया। वस्तुतः वादी व प्रतिवादी संख्या 1 राजस्व रिकॉर्ड में खातेदार काश्तकार है। लिहाजा वादीगण अपनी आराजी का बाई मिट्स एण्ड बाउण्ड्स राजस्व रिकॉर्ड दर्ज भूमि अनुसार तकासमा चाहते है। लिहाजा वादी के हिस्से की भूमि का बाई मिट्स एण्ड बाउण्ड्स के बंटवारा की प्राथमिक डिक्री जारी कर बंटवारा करवाया जाना उचित समझते हुए माफिक प्राथमिक डिक्री इस आशय की जारी की गई कि राजस्व ग्राम 13 ओ, पटवार हल्का 10 ओ तेजेवाला, भू.अ.नि. श्रीकरणपुर, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 128/111 के मुरब्बा नम्बर 45 की कुल 1.631 हैक्टेयर भूमि वादी व प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है। जिसका माफिक राजस्व रिकॉर्ड, हिस्से माफिक भूमि का वादी टाएनजम सनयाईमा सिंह के मध्य बंटवारा मौके पर बाई मिट्स एण्ड बाउण्ड्स करवाया जाकर खाता एवं लगान अलग-अलग किया जावे। **शेष खाता एंव रहन बदस्तूर रहें।**

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

तहसीलदार श्रीकरणपुर को राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के नियम 18 से 21 की पालना में विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा अधिकृत किया गया। तहसीलदार श्रीकरणपुर ने प्राथमिक डिक्री की पालना में पंत्राक 2484 दिनांक 07.10.2025 से बंटवारा रिपोर्ट/ विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा सहित प्रस्तुत की, सामिल मिसल की गई।

4. बहस वादीगण अधिवक्ता सुनी गई, बहस के दौरान वादी अधिवक्ता ने माफिक बंटवारा रिपोर्ट विभाजन प्रस्ताव वादी का वादपत्र डिक्री किया जाकर बंटवारा किये जाने की ईश्तदुआ की है। बहस वादी अधिवक्ता, तहसीलदार श्रीकरणपुर से प्राप्त पालना रिपोर्ट पर गौर किया। लिहाजा माफिक बंटवारा रिपोर्ट/विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा वादी का वाद पत्र डिक्री किया जाकर बंटवारा किया जाना हम उचित समझते है।

**-:आदेश:-**

5. अतः अंतिम डिक्री बहक वादीगण विरूद्ध प्रतिवादीगण इस अमर की जारी की जाती है। कि राजस्व ग्राम 13 ओ, पटवार हल्का 10 ओ तेजेवाला, भू.अ.नि. श्रीकरणपुर, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 128/111 के मुरब्बा नम्बर 45 की कुल 1.631 हैक्टेयर भूमि में से वादी के हिस्से का बंटवारा अर्थात विभाजन निम्नांकित रूप से किया जाता है:-

| क्र.स. | नाम खातेदारान मय वल्दियत सकूनत | राजस्व ग्राम | मु.न. | | रकबा | किस्म | लगान रुपए में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टाएनजम सनयाईमा पुत्र टाएनजम गोकूलचन्द सिंह जाति राजपूत निवासी सैक्टर नम्बर 17 श्रीगंगानगर, जिला श्रीगंगानगर। (1.505 हैक्टेयर) | 13 ओ | 45 | 20 ता 24<br>25 | 1.265 हैक्टेयर<br>0.240 हैक्टेयर | नहरी<br>नहरी | 12.00<br>2.27 |

**शेष खाते एंव रहन बदस्तूर रहेगें।** बंटवारा रिपोर्ट/ विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा निर्णय का एक भाग माना जावे। स्टाम्प ड्यूटी पेश होने पर डिक्री पर्चा बनाया जाकर पत्रावलीबद्ध किया जावे। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफतर/ लेख भण्डार जमा हो।

**{श्योराम** (आर.ए.एस)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

निर्णय आज दिनांक 08.10.2025 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

**{श्योराम** (आर.ए.एस)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्री करणपुर (श्री गंगानगर)

# अन्तिम डिक्री बमुकदमे इब्तदाई

{आदेश 20, नियम 6-7, जाब्ता दीवानी}

(civil procedure code, Appendix "D-1")

अज अदालत सहायक कलक्टर एंव पदेन उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) मुकाम श्रीकरणपुर

ब इजलास श्री श्योराम (आर.ए.एस.)

टाएनजम सनयाईमा सिंह बनाम एमरोज गिरधर आदि

धारा अन्तर्गत 53, 88, 91 आरटीए मुकदमा नम्बर 243/2025

निर्णय दिनांकः-08.10.2025

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसल कतई रुबरू उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर व हाजरी वादी अधिवक्ता श्री मनीष जागिंड के पेश होने पर आदेश दिया जाता है व डिक्री दी जाती है कि राजस्व ग्राम 13 ओ, पटवार हल्का 10 ओ तेजेवाला, भू.अ.नि. श्रीकरणपुर, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 128/111 के मुरब्बा नम्बर 45 की कुल 1.631 हैक्टेयर भूमि में से वादी के हिस्से का बंटवारा अर्थात विभाजन निम्नांकित रूप से किया जाता है:-

| नाम खातेदारान मय वल्दियत सकूनत | राजस्व ग्राम | मु.न. | | रकबा | किस्म | लगान रुपए में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| टाएनजम सनयाईमा पुत्र टाएनजम गोकूलचन्द सिंह जाति राजपूत निवासी सैक्टर नम्बर 17 श्रीगंगानगर, जिला श्रीगंगानगर। (1.505 हैक्टेयर) | 13 ओ | 45 | 20 ता 24<br>25 | 1.265 हैक्टेयर<br>0.240 हैक्टेयर | नहरी<br>नहरी | 12.00<br>2.27 |

**शेष खाते एंव रहन बदस्तूर रहेगें।** बंटवारा रिपोर्ट/ विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा निर्णय का एक भाग माना जावे।

आज दिनांक 13.10.2025 को यह पर्चा डिक्री मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

{श्योराम (आर.ए.एस.)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

| मुददई | रुपया | पैसा | मुदायली | रुपया | पैसा |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | 02 | 00 | स्टाम्प वकालतनामा | 00 | 00 |
| स्टाम्प वकालतनामा | 02 | 00 | स्टाम्प अर्जी | 00 | 00 |
| स्टाम्प ड्यूटी | 100 | 00 | मेहनताना वकील पर | 00 | 00 |
| **योग** | **104** | **00** | **योग** | **00** | **00** |

{श्योराम (आर.ए.एस.)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर
दिनांकः 13.10.2025

क्रमांकः रीडर/2025/767

प्रतिलिपिः- तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ प्रेषित हो।

{श्योराम (आर.ए.एस.)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर